अपर समाहर्त्ता का न्यायालय, गोड्डा

MWA No - 01 / 2011-12

चन्द्रदेव मोदी

बनाम

श्रीकान्त मंडल वगै०

01/03/23

-: आदेश :-

विज्ञ सरकारी अधिवक्ता एवं श्रम प्रवर्त्तन पदाधिकारी को सुना एवं दाखिल कागजातों एवं निम्न न्यायालय के आदेश का अवलोकन किया।

प्रस्तुत अपील विद्वान अनुमंडल पदाधिकारी, गोड्डा के न्यायालय में निष्पादित न्यूनतम मजदूरी वाद सं0–13/2006 श्री निवास मांझी बनाम् चन्द्र देव मोदी से संबंधित मामला में दिनांक–26.04.2007 को पारित आदेश के विरूद्ध यह अपीलवाद दायर किया गया। विषयगत केस में पक्षकारों को नोटिश निर्गत करते हुए निम्न न्यायलाय के अभिलेख की मांग की गयी।

प्रस्तुत वाद में प्रतिवादी की ओर से श्रम प्रवर्त्तन पदाधिकारी, पोड़ैयाहाट एवं सरकारी अधिवक्ता उपस्थित होकर अपना पक्ष रखते हुए उल्लेख किये है कि विद्वान अनुमंडल पदाधिकारी के न्यायालय का न्यूनतम मजदूरी वाद संख्या–13/2006 में दिनांक–26.04.2007 को पारित आदेश पूरी तरह से न्यायसंगत है। उनका आगे कथन है कि न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, 1948 प्रावधान समय सीमा के अंदर अपील दाखिल करना था जबकि यह अपील पूर्णतः कालवाधित है जो स्वीकार्य योग्य नही है। अतः निम्न न्यायालय द्वारा श्रमिको का बकाया मजदूरी भुगतान के साथ–साथ क्षतिपूर्ति राशि को बरकरार रखते हुए वर्त्तमान अपीलवाद को समाप्त करने का अनुरोध किया गया है।

विषयगत विषयगत वाद में निम्न न्यायालय का आदेश एवं अभिलेखबद्ध कागजातों का सम्यक रूप से अवलोकन के उपरांत पाता हुँ कि वादक्रम में आवेदक कभी–कभार न्यायलय मे उपस्थित हुए है परन्तु तत्पश्चात् आवेदक लगातार अनुपस्थित रहे। वादक्रम में दिनांक–09.04.2014 को उपस्थित होने के उपरांत फिर कभी न्यायालय में उपस्थित नही हुए। सुनवाई के दौरान न्यायालय द्वारा आवेदक को अपना पक्ष रखने हेतु नोटिश निर्गत किया गया परन्तु आवेदक अनुपस्थित रहे। न्यायालय द्वारा अंतिम मौका प्रदान करते हुए आवेदक को पुनः नोटिश निर्गत किया गया, परन्तु आवेदक न्यायालय में फिर कभी उपस्थित नही हुए। अतः विद्वान अनुमंडल पदाधिकारी, गोड्डा के न्यायालय का न्यूनतम मजदूरी वाद सं0–13/2006 मे दिनांक–26.04.2007 को पारित आदेश बरकरार रखते हुए आवेदक के द्वारा विषयगत वाद में लगातार अनुपस्थित रहने तथा कसे मे किसी प्रकार का कोई अभिरूची नही लिये जाने के कारण वाद की कार्रवाई को समाप्त किया जाता है।

Digitally signed by SMITA TOPPO
Date: 2023.05.20 14:56:47 +05:30
Location: 192.168.1.9

लिखाया एवं शुद्ध किया।

1.3.2023

अपर समाहर्त्ता,
गोड्डा।

1.3.2023

अपर समाहर्त्ता,
गोड्डा।